# टेण्डर डॉक्यूमैंट
# (Tender Documents)

## परिचय (Introduction) :

जब भावों का आमन्त्रण दैनिक पत्रों द्वारा किया जाता हैं तब इसे टेंडर नोटिस कहते हैं। जब सामग्री अधिक मात्रा में चाहिए होती है, तब भाव टेंडर नोटिस इनफॉर्मेशन द्वारा ही प्राप्त किए जाते हैं। आवश्यक सामग्री का वितरण, अनुमानित मूल्य, उनकी मात्रा तथा टेंडर आज्ञा पत्र का मूल्य, दैनिक पत्रों में टेंडर इनफॉर्मेशन शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित किया जाता है। इस टेंडर इनफॉर्मेशन को डिस्ट्रीब्यूटर था सप्लायर, टेंडर देने वालों से मंगवाते हैं। प्रायः इसका कुछ मूल्य होता है जो कि डिस्ट्रीब्यूटर इसे प्राप्त करने के लिए देता है। टेण्डर इनफॉर्मेशन के अन्तर्गत वही डिस्ट्रीब्यूटर या सप्लायर भाव भेज सकता है जिसने टेण्डर आर्डर क्रय किया हो। टेण्डर आर्डर में सामग्री का पूर्ण विवरण, ड्राइंग, सर्किट डायग्राम, ब्लू प्रिंट, निर्देश चित्र इत्यादि दिए होते हैं। इस टेण्डर आर्डर के अनुसार डिस्ट्रीब्यूटर सप्लायर को अपने न्यूनतम कॉस्ट भेजता है।

टेण्डर ऑर्डर में वस्तु विशेष का पूर्ण विवरण, आकार, निर्माणकर्ता का नाम तथा स्टैण्डर्ड इत्यादि दिए होते हैं तथा वह सभी शर्तें होती है जिनके अन्तर्गत संस्थान सामग्री क्रय करना चाहता है। टेण्डर ऑर्डर भाव आमन्त्रण पत्र का एक सुधरा हुआ तथा बड़ा रूप है।

§1. टेण्डर प्रक्रिया (Tendering Procedure)

प्रत्येक विभाग या नियोजक जब टेण्डर आमंत्रित करता है तो इस कार्य को व्यवस्थित तथा दोष रहित बनाएं रखने के लिए कुछ निर्धारित प्रक्रिया की अनुपालन करता है। टेण्डर आमंत्रण व कांट्रेक्टर चयन प्रमुख बिन्दु निम्न प्रकार हैं

1. टेण्डर दस्तावेज तैयार करना (Preparation of tender documents)
2. टेण्डर इनफार्मेशन जारी करना (Release of tender notice )
3. सील्ड टेण्डर ऑफर प्राप्त करना (Acceptance of sealed tender offers)
4. टेण्डर ऑफर खोलना (Opening of tender offers )
5. टेण्डर ऑफर की सुरक्षा (Security of tender offers )
6. टेण्डर की प्राप्ति व खोलने के बाद तुलनात्मक रिपोर्ट तैयार करना (Preparation of comparative Report after Receiving and opening tender)
7. टेण्डर जांच एवं स्वीकृति

--------------***************---------------------

1. टेण्डर दस्तावेज तैयार करना
(Preparation of Tender Documents )

नियोजक या विभाग टेण्डर इनफॉर्मेशन जारी करने से पूर्व उस कार्य संबंधी जानकारी व इनफॉर्मेशन एकत्रित करके टेण्डर आमन्त्रण के पश्चात् निश्चित राशि पर टेण्डर दस्तावेज कॉन्ट्रेक्टर को उपलब्ध कराता है। टेण्डर दस्तावेज के तहत मुख्यतः प्रकार की सूचना विस्तृत रूप से दी जाती है–

(i) कार्य का उद्देश्य व स्वरूप
(ii) कार्य की डिजाइन तथा ड्राइंग
(iii) कार्य की ऐस्टीमेटिंग कॉस्ट
(iv) कार्य की क्वालिटी का लेबल
(v) विभाग/नियोजक द्वारा उपलब्ध संसाधन
(vi) कार्य निष्पादन की प्रक्रिया
(vii) कार्य समापन की समय अवधि
(vii) कार्य के एवज में भुगतान प्रणाली
(ix) अनुबंध की मुख्य शर्तें इत्यादि।

उपरोक्त सूचनाओं के आधार पर कांट्रेक्टर कार्य का आकलन करता है तथा अपने लेवल पर कार्य निष्पादन के लिए धनराशि का गणना करना है तथा उसी के अनुसार टेण्डर प्रस्ताव प्रस्तुत करता है। कीमतें मंगवाने हेतु पत्र का नमुना (sample) निम्न प्रकार हैं:-

**कीमतें मंगवाने हेतु पत्र**

**महोदय,**
**उद्योग, संस्था, संस्थान का नाम**
**क्रम संख्या** दिनांक............................
**अधिकारी.............**
............................
............................

**विषय-सामग्री के लिए भाव आमन्त्रण**

**महोदय,**

**निम्न सामग्री के लिए निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा सील्ड टेण्डर आमन्त्रित की जाती हैं जो इस संस्थान में दिनांक............................ समय ............................ पर पहुँच जानी चाहिए। सामग्री/मशीनों की सूची संलग्न है।**

**टेण्डर आगामी दिनांक ............................ समय ............................ पर इस संस्थान के क्रय अधिकारी के दफ्तर में खोली जाएगी। आप उस समय उपस्थित रहेंगे।**

-----------------------*****************-----------------------

## 2. टेण्डर नोटिस जारी करना
## (Release of Tender Notice)

टेण्डर तैयार करने के बाद समाचार पत्रों में विज्ञापन के लिए टेण्डर इनफॉर्मेशन तैयार की जाती है जिसके लिए निम्न बिन्दु आवश्यक हैं:-

(i) कार्य का नाम व विवरण

(ii) ऐस्टेमेटिंग कॉस्ट

(iii) टेण्डर कॉस्ट

(iv) धरोहर राशि

(v) कार्य पूर्ण करने की अवधि

(vi) टेण्डर बेचने की अन्तिम तिथि

(vii) टेण्डर प्राप्त करने की अन्तिम तिथि

(viii) टेण्डर खोलने की तिथि व समय आदि।

टेण्डर इनफॉर्मेशन का नमुना (sample) निम्न प्रकार है:-

**टेण्डर इनफॉर्मेशन को समाचार पत्र में विज्ञापन हेतु भेजने का सेम्पल (Tender Advertisement in News Paper)**

टेण्डर क्रमांक .................... पॉवर ट्रांसफॉर्मर 200 kVA/11/440 kV फ्रिक्वेन्सी—50 C/S

ऐस्टेमेटिंग राशि ₹ 15,00,000.00

टेण्डर आवेदन फॉर्म ₹ 300

टेण्डर आवेदन फॉर्म की अन्तिम तिथि ..................

----------------------*****************----------------------

3. सील्ड टेण्डर ऑफर्स प्राप्त करना (Acceptance of Sealed Tender Offers )

टेण्डर इनफॉर्मेशन की विज्ञप्ति जारी होने के बाद टेण्डर की शर्तों के अनुसार जो भी व्यक्ति या कम्पनी उस कार्य को करना चाहते हैं, वे अपना प्रस्ताव भेजते हैं। टेण्डर के प्रस्ताव कुछ विशेष परिस्थिति को छोड़कर सील्ड लिफाफे में ही स्वीकार किए जाते हैं। अतः जो प्रस्ताव सील्ड लिफाफे में दिए जाते हैं, उन्हें सील्ड टेन्डर कहते हैं।

---------------------****************---------------------

4. टेण्डर ऑफर खोलना (Opening of Tender Offers )

सील्ड लिफाफे को निश्चित समय पर अन्य व्यक्तियों के समक्ष अधिकारी द्वारा ही खोला जाता है। टेण्डर इनफॉर्मेशन में टेण्डर खोलने का समय व तिथि दी जाती है। कभी परिस्थितिवश उक्त तिथि को टेण्डर नहीं खोली जा पाती तो अगली निश्चित तिथि के लिए विज्ञप्ति जारी की जाती है। अधिकांशतः टेण्डर, टेण्डरदाताओं के समक्ष खोली जाती है तथा कभी-कभी विभिन्न वर्ग के अधिकारियों के समूह के समक्ष भी खोली जाती हैं।

5. टेण्डर ऑफर की सुरक्षा (Security of Tender Offers)

टेण्डरदाता द्वारा टेण्डर ऑफर जमा करवाने के बाद उस टेण्डर की सेफ्टी की जिम्मेदारी डिपार्टमेण्ट की होती है। अतः परेशानियों से बचने के लिए विभाग द्वारा अधिकारी को ही प्रस्ताव प्राप्त करने व टेण्डर खोले जाने तक उसकी सेफ्टी की जिम्मेदारी दी जाती है। टेण्डर प्राप्त करने वाला अधिकारी लिफाफे की जांच करता है कि लिफाफा पूर्णतयः सील्ड है या नहीं तथा कहीं से कटा फटा न हो तथा उस लिफाफे पर अपने हस्ताक्षर के साथ-साथ प्राप्त करने की तिथि व समय भी लिखता है। अधिकारी सभी टेण्डर प्राप्त ऑफरों को भी लिखता है। अधिकारी सभी टेण्डर प्राप्त ऑफरों की सूची भी बनाकर रखता है तथा उसे टेण्डर खोले जाने के समय प्रस्तुत करता है।

----------------------*****************----------------------

## 6. टेण्डर की प्राप्ति और खोलने के बाद तुलनात्मक रिपोर्ट तैयार करना(Preparation of Comparative Report after Receiving and Opening Tender)

मुख्य क्रय अधिकारी/प्रबन्धक लेखाकार द्वारा टेण्डर खुलवाने के बाद ब्रान्च के लिपिकों द्वारा तुलनात्मक विवरण बनाया जाता है। सबसे कम मूल्य पर लाल स्याही से गोले बना दिए जाते हैं, जिससे एक ही नजर में देखने में आ जाए कि किस सप्लायर की कॉस्ट सबसे कम है।

—तुलनात्मक विवरण प्रदत्र

| क्र० सं० | मशीन/उपकरण/औजार, सामग्री का नाम, पूर्ण विवरण सहित स्पेसिफिकेशन | मात्रा | अनुमानित मूल्य | पंजीकृत सप्लायर | पंजीकृत सप्लायर | पंजीकृत सप्लायर | पंजीकृत सप्लायर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 फेज स्कवरल केज इन्डक्शन मोटर 4 पोल 1500 RPM, 440V 50 c/s HP I.S.I. | एक | 7000.00 | 8000.00 | 6800.00 | 9000.00 | 8500.00 |